पत्र संख्या : एफ0एस0पो-815/2010-11

कार्यालय
मुख्य अग्नि शमन अधिकारी
गाजियाबाद

दिनांक : अक्टूबर, 12, 2011

सेवा में,

मुख्य वास्तुविद एवं नगर नियोजक,
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण,
गाजियाबाद।

विषय: मै0 एस0वी0पी0 बिल्डर्स इन्डिया प्रा0 लि0 द्वारा ग्रुप हाउसिंग भवन हेतु अग्नि शमन प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ: आपका पत्र 321/मा0प्ला0अनु0/11 दिनांक 07.10.2011

कृपया उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र अनुसार खसरा संख्या 527/1 एवं 519एम ग्राम मोहिउददीनपुर कनावनी, गाजियाबाद पर प्रस्तावित ग्रुप हाउसिंग भवन जिसका कुल प्लॉट ऐरिया 12698.27 वर्ग मीटर, प्रस्तावित ग्राउन्ड कवरेज 2007.38 वर्ग मीटर, प्रस्तावित अपर बेसमेन्ट 7478.00 वर्ग मीटर, प्रस्तावित लोवर बेसमेन्ट 7303.00 वर्ग मीटर, कुल प्रस्तावित एफ0ए0आर0 कवर्ड ऐरिया ऑल फलोर 36643.80 वर्ग मीटर उंचाई 58.20 मीटर संलग्न भवन मानचित्र एवं साईट प्लान का अवलोकन उपरान्त स्थलीय निरीक्षण अग्निशमन अधिकारी, वैशाली गाजियाबाद द्वारा कराया गया, सन्तोषजनक है।

भवन में स्ट्रक्चरल सेफ्टी / निकास मार्ग / अवरोधमुक्त सेट बेक 45 टन प्रति वर्ग मीटर लोड बियरिंग कैपिसीटी फायर टेण्डर मूवमेन्ट के सम्बन्ध में निर्णय आप द्वारा अपेक्षित है। भवन निर्माण कार्यों में उ0प्र0 भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008 का अनुपालन भी भवन निर्माता द्वारा किया जाना आवश्यक होगा। भवन में प्रत्येक ब्लॉक सभी तलों पर दो मैन स्टेयर केस (1.50 मीटर) एवं फायर स्केप (1.25 मीटर) पर 2 घन्टे फायर रेटिंग का फायर प्रूफ, स्मोक चैक डोर एवं बेसमेन्ट में मैकेनिकल वैन्टीलेशन एवं स्मोक एक्सट्रेशन का कराया जाना भी आवश्यक होगा।

भवन में अग्नि से सुरक्षा का प्राविधान नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इण्डिया 2005 के अनुरूप कराया जाना अति आवश्यक है।

अतः प्रस्तावित ग्रुप हाउसिंग भवन के निर्माण हेतु मानचित्र/साइट प्लान का प्राथमिक अस्थायी अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने विषयक निरीक्षण आख्या संस्तुति सहित प्रेषित है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी,
गाजियाबाद।

प्रतिलिपि : मैसर्स एस0वी0पी0 बिल्डर्स इन्डिया प्रा0 लि0 को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ।

12.10.11

मुख्य अग्नि शमन अधिकारी
गाजियाबाद